दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
वार्षिक परीक्षा हेतु अभ्यास–कार्य पत्र
सत्र – 2019–20

कक्षा : आठवीं                                                                 विषय : हिंदी

(खंड–क)

प्र 01. दिए गए गद्यांश ा  के आधार पर प्र श नों के उचित उत्तर दीजिए :–

अनुशासन का अर्थ है– अपने को वश में रखना, नियमों व आदेशों का पालन करना। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मनुष्य को कुछ नियमों का पालन करना आवश्यक होता है। मनुष्य तो मनुष्य, प्रकृति तक में अनुशासन दृष्टिगत होता है। सूर्य, चाँद, पृथ्वी, ग्रह नक्षत्र तक प्राकृतिक नियमों से आबद्ध हैं। हम जिस समाज में रहते हैं, वहाँ के भी कुछ नियम हैं जिन्हें हम मानकर चलते हैं। विद्यार्थी जीवन में तो वे नितांत आवश्यक हैं, क्योंकि विद्यार्थी– जीवन ही भावी जीवन की आधारशिला है। इस काल में जैसे संस्कार, प्रकृतियाँ और आदतों का विकास होगा, वे जीवन भर चलती हैं। ये ही तो देश के भावी कर्णधार देश की आशा और देश के भविष्य हैं। यह अनुशासन स्वैच्छिक होना चाहिए, दबाव में माना गया अनुशासन स्थायी नहीं होता। अनुशासन से दैनिक जीवन में एक व्यवस्था आती है, नियमित कार्य करने की क्षमता का विकास होता है। अपने कर्तव्य व अधिकार का बोध होता है। अनुशासन ही विद्यार्थी का जीवन है और धर्म भी। अनुशासित विद्यार्थी के लिए सबके मन में सद्भावना पैदा हो जाती है। वर्तमान में स्थिति कुछ बदल गई है। आज के विद्यार्थी जीवन में कई बाधाएँ आ गई हैं। उनके आसपास का वातावरण ऐसा है जहाँ पश्चिमी सभ्यता, फैशन, फ़िल्मों आदि का दुष्प्रभाव उनके कोमल मस्तिष्क पर पड़ता ही है, जिसका दुष्परिणाम हमारे सामने है। आज का विद्यार्थी फैशन–परस्ती, घूमने–फिरने, मनोरंजन आदि में ज्यादा लिप्त होना चाहता है। बड़ों का आदर, अपनी संस्कृति से घृणा, पाश्चात्य संस्कृति का दीवाना बना घूम रहा है। आलस्य उसकी कमज़ोरी बन गई है। बालमन चंचल होता है– शिक्षकों की सलाह उन्हें कड़वी लगती है, कई बार विद्यालय जाना भी उन्हें नहीं भाता। ये सब कारण अनुशासनहीनता को जन्म देते हैं। विद्यार्थी जीवन के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण है कि वह अपनी शिक्षा व अपने भविष्य के प्रति आस्थावान हो जाए। अनुशासन और सफलता का घनिष्ठ संबंध है, इसलिए विद्यार्थियों को अपना भावी–जीवन आनंदपूर्ण बनाने के लिए अनुशासित होकर इस समय का लाभ उठाना श्रेयस्कर होगा।

क) अनुशासन का क्या अर्थ है? हमें इसकी आश्यकता क्यों होती है?
ख) प्राकृतिक तौर पर अनुशासन कहाँ–कहाँ दृष्टिगत होता है?
ग) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन अत्यावश्यक क्यों है?
घ) अनुशासन से किस प्रकार लाभान्वित हो सकते हैं?
ङ) विद्यार्थी को अनुशासित होने में क्या बाधाएँ आती हैं?
च) विद्यार्थी जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण क्या है?

(खंड–ख)

2. निर्देश ाानुसार उत्तर दीजिए :–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क) | अ) | उत्कर्ष | आ) | जटिल | (विलोम शब्द लिखिए) |
| ख) | अ) | मोर | आ) | बाल | (एक–एक पर्याय शब्द लिखिए) |
| ग) | अ) | तप | आ) | खर | (एक–एक अर्थ लिखिए) |
| घ) | अ) | वसन–व्यसन | | | (भिन्न अर्थ लिखिए) |
| ङ) | अ) | जो नया आया हो | | | |
| | आ) | बहुत तेज़ चलने वाला | | | (एक शब्द में उत्तर दीजिए) |
| च) | अ) | तलवे चाटना | | | |
| | आ) | गागर में सागर होना | | | (मुहावरों के अर्थ लिखिए) |
| छ) | अ) | एक अनार सौ बीमार | | | (लोकोक्ति का वाक्य बनाइए) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ज) | अ) | कक्षा | आ) | धैर्य | (वर्ण–विच्छेद कीजिए) |
| झ) | अ) | सम्+मति | आ) | उत्+यम | (संधि कीजिए) |
| ञ) | अ) | परिपूर्णता | | | (उपसर्ग व प्रत्यय अलग कीजिए) |
| ट) | अ) | पीतांबर | | | (समास–विग्रह करके समास का नाम बताइए) |

ठ) अ) डिब्बे में मिठाई रखी है
आ) रोहन ने पत्र लिखा। (रेखांकित चिह्न का कारक बताइए)

ड) अ) नल से पानी बह रहे हैं
आ) यहाँ कूड़ा नहीं फेंको (वाक्य शुद्ध कीजिए)

ढ) अ) काम खत्म होते ही माँ बाज़ार चली गई (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

प्र 03. प्र श नों के उत्तर लिखिए :–
- क) रचना के आधार पर वाक्य के भेद बताइए।
- ख) (" ") तथा (!) विराम–चिह्नों के नाम बताइए।

प्र 04. किन्हीं दो प्र श नों का उत्तर लिखिए :–
- क) तत्सम तथा तद्भव शब्दों में अंतर स्पष्ट कीजिए।
- ख) कर्म और संप्रदान कारक में अंतर स्पष्ट कीजिए।
- ग) वाक्य किसे कहते हैं? इसके अंग बताइए।

## (खंड–ग)

प्र 05. किन्हीं दो का आश ाय स्पष ट कीजिए ( श ाब्द सीमा 30–40 शब्द ) :–
- क) "दुपहर दिवस जानि घर सुनो ढूँढि–ढँढ़ोरि आपही आयौ।
  खोलि किवारि पौठि मंदिर मैं, दूध–दही सब सखनि खवायौ।
- ख) "लाला झाऊलाल ने फौरन दो और दो जोड़कर स्थिति को समझ लिया।"
- ग) पोटरि काँख मैं चाँपि रहे तुम, खोलत नाहिं सुधा रस भीने।
  पाछिलि बानि न तजो तुम, तैसई भाभी ने तंदुल कीन्हे।।"

प्र 06. किन्हीं पाँच प्र श नों के उत्तर लिखिए ( श ाब्द सीमा 30–40 श ाब्द) :–
- क) कहानी 'कामचोर' में वर्णित परिवार एकल है या संयुक्तद्य तर्क सहित उत्तर दीजिए।
- ख) जब पहली बोलती फिल्म प्रदर्शित हुई तो उसके पोस्टरों पर कौन–से वाक्य छापे गए थे?
- ग) साइकिल 'एक विनम्र सवारी' कैसे है? बताइए।
- घ) बूँद ने पृथ्वी के अंदर कैसा दृश्य देखा?
- ङ) साँप कहाँ रहता था? क्या वह अपने जीवन से संतुष्ट था?
- च) टोपी बनवाने के लिए गवरइया किस–किस के पास गई? गवरइया ने उनको क्या मज़दूरी दी?

प्र 07. किसी एक प्र श न का उत्तर दीजिए :–
- क) "प्रत्येक परिस्थिति में मनुष्य को शांत तथा विनम्र होना चाहिए।" इस कथन पर अपने विचार तथा उससे होने वाले लाभ 80–100 शब्दों में लिखिए।
- ख) "समाज में स्त्रियों की स्थिति को सुधारने हेतु कोई–न–कोई क्रांति अवश्य जन्म होती है।" इस कथन पर 80–100 शब्दों में अपने विचार लिखिए।

प्र 08. प्र श नों के उत्तर दीजिए (श ाब्द सीमा 60–70 शब्द) :–
- क) सन् 1942 के आंदोलन में युवा पीढ़ी का क्या योगदान था?
- ख) विवेकानंद ने कौन–सी एक बात अपने भाषणों और लेखन में सदा लिखी?

(खंड–घ)

प्र 09. किसी एक विष ाय पर 100–120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :–

क) गणतंत्र दिवस

सहायक बिंदु :–

- भारत के राष्ट्रीय पर्व
- दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह
- समारोह का विशेष आकर्षक – झाँकी
- सैनिकों का प्रदर्शन

ख) बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ

सहायक बिंदु :–

- पुराने ज़माने में बेटियों की दशा
- समाज में बेटी की आवश्यकता
- देश की गौरवशाली बेटियाँ
- शिक्षा–बेटियों का अधिकार

प्र 010. किसी एक विष ाय पर 100–120 शब्दों में पत्र लिखिए :–

क) बस में छूटे हुए सामान का पता लाने हेतु दिल्ली परिवहन निगम के अधिकारी को पत्र लिखिए।

ख) अपनी भूल के लिए क्षमा माँगते हुए अपने पितजी को पत्र लिखिए।

प्र 011. किसी एक विष ाय पर 8–10 पंक्तियों में संवाद–लेखन कीजिए :–

क) धूप और वर्षा के गुणों के आधार पर दोनों के मध्य संवाद–लेखन कीजिए।

ख) बढ़ते नदी–जल प्रदूषण के संबंध में पिता–पुत्र के मध्य संवाद–लेखन कीजिए।

प्र 012. किसी एक विष ाय पर 20–25 शब्दों का एक आकर्ष ाक विज्ञापन तैयार कीजिए :–

क) बच्चों के वस्त्र बनाने वाली 'चुनमुन' नामक कंपनी की बिक्री हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

ख) 'उत्सव' स्कूल बैग्स की बिक्री हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्र 013. पुस्तक 'मैं और मेरा व्याकरण ' 8 के पृष्ठ संख्या 259 पर दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखते हुए चित्र का वर्णन 50–60 शब्दों में कीजिए।